Publication	Chetna Vichardhara	Date	15-06 -2017	Page No.	03
Client Name	Kamdhenu	Edition	Varanasi		

‘कामधेनू नेक्स्ट’ वाराणसी में लांच

◆ २.५ गुना मजबूत बनाता है कांक्रीट - स्टील इंटरलाक

वाराणसी। इमारतों के लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने शहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार ‘कामधेनू नेक्स्ट लॉन्च किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा माँ महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक भूपेंद्र अग्रवाल ने इस नए उत्पाद को पेश किया। इस मौके पर वाराणसी एवं आस-पास के क्षेत्रों से 450 से ज़्यादा डीलर मौजूद थे।

‘कामधेनू नेक्स्ट’ एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 2.5 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है।

लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा कि भगवान शिव की नगरी वाराणसी में रीयल एस्टेट कारोबार तेज़ी से बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद ‘कामधेनू नेक्स्ट’ यहाँ बनने वाली ऊँन्नी -ऊँची इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा।